# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–12.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय– इडी की टीम रांची और पाकुड़ में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। रांची में इडी की टीम ने एक होटल और डायग्नोसिस सेंटर समेत छह ठिकानों पर दबिश दी है। ईडी की टीम ने पाकुड़ में आदर्श नगर जंगली पीरबाजार के समीप एक घर में छापेमारी की है। इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने घर में रखे दस्तावेजों को खंगाला। बताया जा रहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने के लिए आधार कार्ड बनवाने में इस व्यक्ति ने सहयोग किया था। इसी मामले में पश्चिम बंगाल में भी एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

*****************

राज्य में पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्र में कल सवेरे सात बजे से सुरक्षा के दृष्टिकोण से चयनित ग्रामीण इलाकों में शाम चार बजे तक वोट डाले जायेंगे। वहीं अन्य मतदान केन्द्रों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इस चरण में 683 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। कोल्हान, पलामू और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई कद्दावर नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को पारंपरिक रीति रिवाज लोटा–पानी कर बूथों के लिए रवाना किया जा रहा है।

वहीं चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव कर्मियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

*****************

पहले चरण में कल पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, डा. रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ और बैद्यनाथ राम समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

*****************

पहले चरण का चुनाव प्रचार थमने के बाद अब 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज झरिया और बाघमारा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। झारिया में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला।

*****************

श्री शाह के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गिरिडीह जिले के बगोदर स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। साथ ही वे देवरी पुलिस स्टेशन स्थित तिवारीडीह मैदान में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान की जहां सिंदरी, टुंडी और गिरिडीह में सभा होगी, वहीं सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा रांची के ओरमांझी में हुंकार भरेंगे।

*****************

इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य आज निरसा और सिंदरी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

*****************

पाकुड़ जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवददाता––

*****************

गिरिडीह में आदर्श आचार चुनाव संहिता उल्लंघन के तीन मामले सामने आए हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

*******समाप्त*******